पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# मुख्यमंत्री ने यमुना एक्सप्रेस–वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में फॉक्सकॉन द्वारा बनाए जा रहे उ0प्र0 के पहले सेमीकण्डक्टर पार्क के प्रस्तावित शिलान्यास कार्यक्रम की समीक्षा की

## सेमीकण्डक्टर पार्क को आधुनिक तकनीक और वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित किया जाए, परियोजना के क्रियान्वयन में सभी आवश्यक मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए : मुख्यमंत्री

## 48 एकड़ में लगभग 4,000 करोड़ रु0 की लागत से सेमीकण्डक्टर पार्क विकसित किया जाएगा

**लखनऊ : 12 फरवरी, 2026**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज जनपद गौतमबुद्धनगर में यमुना एक्सप्रेस–वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र के सेक्टर 28, ई–01 में फॉक्सकॉन (Hon Hai Precision Industry Co., Ltd.) द्वारा 48 एकड़ में लगभग 4,000 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जा रहे उत्तर प्रदेश के पहले सेमीकण्डक्टर पार्क के प्रस्तावित शिलान्यास कार्यक्रम की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सेमीकण्डक्टर पार्क को आधुनिक तकनीक और वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित किया जाए, जिससे राज्य में निवेश आकर्षित हो और रोजगार सृजन में वृद्धि हो। इस परियोजना के क्रियान्वयन में सभी आवश्यक मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए और स्थानीय लोगों को इससे अधिकतम लाभ मिले।

ज्ञातव्य है कि इस सेमीकण्डक्टर पार्क के बनने से लगभग 3,000 लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

————————

*PN-CM-Gautambuddhanagar Visit-12 February, 2026*